आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.04.2025 / 09.20 बजे

प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री

कांग्रेस का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन कल से गुजरात के अहमदाबाद में होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी इस अधिवेशन में शिरकत करेंगे। वे आज बाद दोपहर चंडीगढ़ से अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस अधिवेशन में मौजूद रहेंगे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करके लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और निवारक देखभाल के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, स्वास्थ्य दुनिया भर में एक सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में उभरा है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि श्रमिक वर्ग व उनके आश्रितों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भवन व अन्य निर्माण, कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कई योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। चंबा के चुआड़ी में इस संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में गत वर्ष के दौरान कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब एक करोड़ रूपए की धनराशि से लाभान्वित किया गया जो हर्ष का विषय है।

वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों का शिमला में चल रहा रोष प्रदर्शन जारी है। वोकेशनल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अश्विनी धटवालिया ने कहा कि आंदोलन उस समय तक जारी रहेगा जब तक सरकार संघ की मांगों को नहीं मान लेती। दूसरी ओर धरने पर बैठे व्यवसायिक शिक्षक नीरज बंसल ने कहा कि वे सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के अधीन कार्य नहीं करना चाहते और केंद्र

से आने वाला पैसा कंपनी को न देकर सीधे व्यावसायिक शिक्षकों को दिया जाए। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार कंपनी को बाहर का रास्ता नहीं दिखाती है तो वे तब तक वापिस काम पर नहीं आएंगे।

इस बीच धरने पर बैठे शिक्षकों से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वे सरकार के समक्ष उनकी मांगों को रखेंगे ताकि समस्या का निदान हो सके।

प्रोत्साहन राशि

आयुष और युवा सेवायें व खेल मंत्री  यादविंदर गोमा ने कहा है सरकार खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कांगड़ा जिला के पंचरुखी के टटेहल में युवा क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उन्होंने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोत्तरी कर ऐतिहासिक फैसला लिया है। इस मौके पर यादविंद्र गोमा ने खेल मानव जीवन का अहम हिस्सा है जिससे युवा नशे से दूर रहकर खुद को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बना सकता है।

मौसम

प्रदेश के जनजातीय जिलों के अलावा इन दिनों अन्य सभी  जिलों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पार या 30 डिग्री के पार पहुँच गया है। कल प्रदेश के कई क्षेत्रों में गर्म हवाएं चली और ऊना का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा 9 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान लगाया गया है जबकि 10 व 11 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के कई  क्षेत्रों  में बारिश होने के आसार है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने खबर को शीर्षक दिया है निलंबित निदेशक देशराज से छह घंटे तक पूछताछ, आज मीणा को बुलाया। दैनिक जागरण और पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है विमल नेगी मौत मामले में किसी भी तरह की जांच को सरकार तैयार।

दौ स्लैब बनेंगे दो किलोमीटर तक किराया 5 रूपए ही रखने की तैयारी अमर उजाला की एक खबर है। दैनिक जागरण ने लिखा है न्यूनतम बस किराये पर असमंजस, आज अधिसूचना में साफ होगी स्थिति।

दस जिलों में पारा 30 डिग्री पार शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है हिमाचल में दो दिन और चलेंगी गर्म हवाएं, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट। दैनिक भास्कर के शब्द हैं प्रदेश में 9–12 तक बारिश और बर्फबारी के आसार। आपका फैसला ने लिखा है हिमाचल में चली गर्म हवाएं, ऊना जिले में पारा 35 के पार पहुंचा।